बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमॉक 77....../गोपनीय/यू.एफ.एम./2025 भोपाल,दिनॉक......4/2/2025

।। सूचनादेश ।।

प्रति,

प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्व महाविद्यालय,बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः– परीक्षा हाल में प्राप्त मोबाईल एवं नकल प्रकरण सामग्री के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

विषयान्तर्गत सूचित किया जाता है कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी की तलाशी ली जावे तथा प्रतिबंधीत सामग्री जैसे पुस्तकें,गाईड, मोबाइल, हस्तलिखि सागग्री, स्मार्टवांच, इलेक्ट्रानिक गैजेट, इत्यादि बाहर ही जमा करा ली जावे ।

2 यदि परीक्षा कक्ष मे छात्र/छात्रा के पास नकल सामग्री प्राप्त होती है तो अनुचित साधन प्रतिवेदन फार्म पर जानकारी भरकर छात्र/छात्रा से हस्ताक्षर करा लेवें ।
अध्यादेश 5(21)

3 अनुचित साधन फार्म पर वीक्षक/केन्द्राध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षर कर एक प्रति उत्तर पुस्तिका एवं द्वितीय उत्तर पुस्तिका के साथ पैकेट मे बंद कर विश्वविद्यालय भेजी जाए तथा फार्म (अध्यादेश 6) कारण बताओ नोटिस की एक प्रति छात्र/छात्रा को प्रदान करे ।

4 नकल करने वाले छात्र को तत्काल दूसरी उत्तर पुस्तिका जारी करे, यदि छात्र द्वितिय उत्तर पुस्तिका लेने से मना करता है तो प्रतिवेदन फार्म में लिख देना चाहिये कि छात्र ने द्वितिय उ.पु. लेने से मना किया है । तथा प्रथम उ.पु. पर 1 द्वितिय उ.पु. पर 2 लिख देना चाहिये । उसी पेकिट (लिफाफा) में प्रतिवेदन फार्म रख देना चाहिये ।

5 यदि कोई छात्र परीक्षा के दौरान परीक्षा कक्ष में लगातार दूसरे छात्र से बात करता है और मना करने पर नहीं मानता है तो उसकी उत्तर पुस्तिका निरस्त करके दूसरी उत्तर पुस्तिका देवें तथा निरस्त की गई उ.पु. वि.वि. भेजे । अध्यादेश 5(20)

6.परीक्षा अधीक्षक /वीक्षक यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी उस कक्ष में निर्धारित सीट पर रोल नम्बर में बैठ गया हैं जो प्रवेश पत्र पर दर्ज है तभी उसे मुख्य उत्तर पुस्तिका देवें एक बार उ.पु.प्राप्त कर लेनें पर,छात्र को निर्धारित अवधि आधा घंटा के पूर्व परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जाने दें । यदि किसी भी स्थिति में मुख्य उत्तर पुस्तिका/पूरक उ.पु. छात्र द्वारा बाहर ले जाई जाती है तो इसका पूर्ण दायित्व कक्ष के वीक्षक का होगा ।

अतः उपरोक्त बिन्दुओं का कठोरता से पालन करते हुये नकल प्रकरण पर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें ।

धन्यवाद

परीक्षा नियंत्रक
बरकतदउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रतिलिपिः–.........

1.जनसम्पर्क अधिकारी ब.वि.वि.को सूचनार्थ एवं गठित उडनदस्तों की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2.प्रभारी बेब साईट की ओर वि. वि. बेब साईट पर डाउनलोड करने हेतु ।
3.माननीय कुलगुरू के सचिव के माध्यम से कुलगुरू की ओर सूचनार्थ ।
4.कुलसचिव के सहायक के माध्यम से कुलसचिव की ओर सूचनार्थ ।

सहायक कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल (गोप.)

Scanned with OKEN Scanner